दैनिक

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्षः- 03
अंकः-260
मुरादाबाद
09 January 2024
(Tuesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## संक्षिप्त समाचार



### सलमान खान के पनवेल फार्महाउस में घुसे दो लोग, फर्जी आधार कार्ड बरामद; सुपरस्टार को मिल चुकी है जान से मारने की धमकी

मुंबई के पनवेल स्थित फार्महाउस पर दो लोगों ने जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। दोनों ने सुरक्षागाड्र्स को अपना गलत नाम बताया और दोनों खुद को सलमान खान के फैन कहने लगे। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। दोनों के पास फर्जी आधार कार्ड मिले। वहीं पनवेल ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।जांच में जुटी मुंबई पुलिस- दोनों के पास से बरामद हुए फर्जी आधार कार्ड- लॉरेंश बिश्नोई गैंग की तरफ से सलमान खान को मिल चुकी है धमकीबॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के पनवेल स्थित फार्म हाउस पर लोगों ने जबरदस्ती घुसने की कोशिश की। दोनों युवक तार तोड़कर फार्म हाउस में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बता दें कि यह मामला चार जनवरी का है। वाजे गांव में अर्पिता फार्म हाउस में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा गार्ड ने दोनों को पकड़ लिया।दोनों के पास से बरामद हुए फर्जी आधार कार्ड- दोनों ने सुरक्षागाड्र्स को अपना गलत नाम बताया और दोनों खुद को सलमान खान के फैन कहने लगे । इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। दोनों के पास फर्जी आधार कार्ड मिले। वहीं, पनवेल ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस ने जानकारी दी कि एक का नाम अजेश कुमार ओमप्रकाश गिल है तो दूसरे का नाम गुरुसेवक सिंह तेजसिंग सीख है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आखिर दोनों का उद्देश्य क्या था। सलमान को मिल रही जान से मारने की धमकी-पिछले कुछ सालों से लॉरेंश बिश्नोई गैंग की तरफ से सलमान खान को जान से मारने की धमकियां मिल रही है। धमकी मिलने के बाद से सलमान खान की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान खान को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। सरकार द्वारा सलमान खान को Y+ सेक्योरिटी मिली है।

## हमारी गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही, विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बोले पीएम



सरकार की प्रमुख योजनाओं को सभी तक पहुंचाने के लिए देश भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। इसी को लेकर पीएम मोदी ने लोगों से बातचीत की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल हुए थे। साथ ही केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक आंध्र प्रदेश के नंदयाला के सैयद ख्वाजा मोहिद्दीन के साथ वर्चुअली बातचीत की। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के कनकेर की रहने वाली भूमिका से भी उन्होंने बात कीये मेरी प्यारी जातियां-इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, %हम देश की एक बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए हमारी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के भविष्य पर ध्यान दे रही है। ये मेरी चार जातियां हैं। मेरी सबसे प्यारी जातियां। अगर यह जातियां मजबूत हो जाएंगी तो हिंदुस्तान का सशक्त होना पक्का है। 50 दिन पूरे-उन्होंने आगे कहा कि विकासशील भारत संकल्प यात्रा ने अभी दो से तीन दिन पहले ही अपनी यात्रा के 50 दिन पूरे किए हैं। इस यात्रा में 11 करोड़ लोग शामिल हुए हैं। सरकार खुद लोगों तक पहुंच रही है और उन्हें अपनी योजनाओं से जोड़ने की कोशिश कर रही है। विकासशील भारत संकल्प यात्रा देश की यात्रा बन गई है।मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही-उन्होंने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव-गांव जा रही है।इन योजनाओं का लिया लाभ- उन्होंने कहा कि जबसे ये यात्रा शुरू हुई है, तबसे लगभग 12 लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। कुछ दिन पहले मैं अयोध्या में उज्ज्वला की 10 करोड़वीं लाभार्थी बहन के घर गया था। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दो करोड़ से ज्यादा गरीबों के स्वास्थ्य की जांच हुई है। इसी समय में एक करोड़ लोगों की टीबी की बीमारी की भी जांच हुई है। 22 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच हुई है। ये सारे लोग गांव, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग हैं।हमारी करोड़ों माताओं बहनों को मिला लाभ- पीएम मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि सरकार के इन प्रयासों का बहुत बड़ा लाभ हमारी करोड़ों माताओं बहनों को मिल रहा है। आज महिलाएं खुद आगे आकर नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। पहले ऐसी अनेक बहनें थीं, जिनके पास सिलाई, बुनाई, कढ़ाई जैसी कोई न कोई स्किल थी, लेकिन उनके पास अपना काम शुरू करने के लिए कोई साधन नहीं था। मुद्रा योजना ने उन्हें आने सपनें पूरे करने का भरोसा दिया है। आज गांव-गांव में रोजगार और स्वरोजगार के नए मौके बन रहे हैं किसानों को लेकर ये बोले पीएम- उन्होंने कहा कि हमारे देश में किसानों और कृषि नीति को लेकर जो चर्चाएं होती हैं, पहले की सरकारों में उनका दायरा भी बहुत सीमित था। किसान के सशक्तिकरण की चर्चा सिर्फ पैदावार और उसकी उपज की बिक्री के इर्दगिर्द ही सीमित रही। जबकि किसान को अपने दैनिक जीवन में भांति-भांति की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमारी सरकार ने किसान की हर मुश्किल को आसान करने के लिए चौतरफा प्रयास किए। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से हर किसान को कम से कम 30 हजार रुपये दिए जा चुके हैं। मोदी ने आगे कहा, छोटे किसानों को मुसीबतों से बाहर निकालने के लिए हम निरंतर काम कर रहे हैं। कृषि में सहकारिता को बढ़ावा देना हमारी इसी सोच का परिणाम है। आज पांचवीं बार पीएम ने की बातचीत- बीते साल 15 नवंबर को लॉन्च होने के बाद से ऐसा पांचवीं बार हो रहा, जब पीएम मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत कर रहे हैं। यात्रा की लॉन्चिंग के बाद से वे लगातार इन लाभार्थियों से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम मोदी ने चार बार- 30 नवंबर, 9 दिसंबर, 16 दिसंबर और 27 दिसंबर को लाभार्थियों संग वार्ता की थी। वहीं, दिसंबर माह में पीएम मोदी ने अपनी वाराणसी यात्रा के दौरान लगातार दो दिन 17 और 18 दिसंबर को इन लाभार्थियों से भौतिक रूप से बातचीत की। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

## अखिलेश यादव का मायावती को जवाब: फ्लाईओवर से दिक्कत है तो केंद्र से मांग कर बुलडोजर से ढहवा दें



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ट्रैफिक की जरूरत को देखते हुए बसपा कार्यालय के सामने फ्लाईओवर का निर्माण करवाया गया था। अगर उन्हें दिक्कत है तो केंद्र से बात कर बुलडोजर चलवा देना चाहिए।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अगर सपा शासन में बसपा कार्यालय के सामने बने फ्लाईओवर से बसपा सुप्रीमो मायावती को खतरा है तो उन्हें इसे बुलडोजर से ढहा देने की मांग केंद्र सरकार से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उस समय ट्रैफिक की जरूरत को देखते हुए हमने यह है फ्लाई ओवर बनवाया था।अखिलेश यादव ने मायावती ने उस बयान पर जवाब दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि बसपा कार्यालय के सामने बने फ्लाईओवर से उनकी सुरक्षा को खतरा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से किसी अन्य स्थान पर कार्यालय के लिए जगह देने की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर दिए गए एक बयान में कहा है कि सपा सरकार में अनेकों दलित विरोधी फैसले लिए गए थे। बसपा यूपी स्टेट आफिस के पास ऊंचा पुल बनाने का कृत्य भी ऐसा ही है। जहां से षडयंत्रकारी अराजक तत्व पार्टी दफ्तर, कर्मचारियों व राष्ट्रीय प्रमुख को भी हानि पहुंचा सकते हैं। इस असुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा सुझाव पर पार्टी प्रमुख को अब पार्टी की अधिकतर बैठकें अपने निवास पर करने को मजबूर होना पड़ रहा है जबकि पार्टी दफ्तर में होने वाली बड़ी बैठकों में पार्टी प्रमुख के पहुंचने पर वहां पुल पर सुरक्षाकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ती है। मायावती ने अपने बयान में अपनी असुरक्षा का जिक्र करते हुए यूपी सरकार से वर्तमान पार्टी प्रदेश कार्यालय के स्थान पर अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था करने का भी अनुरोध किया।

### मायावती को इंडिया गठबंधन में शामिल करने की बात नहीं हुई

कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे के बसपा को गठबंधन में लाने के प्रयास संबंधी सवाल पर अखिलेश ने कहा कि इंडिया गठबंधन में कभी इस तरह की कोई बात नहीं हुई। अगर हुई होती तो उनकी जानकारी में भी होती। उन्होंने बिना नाम लिए पांडे पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा कई तरीके से विपक्षी गठबंधन को कमजोर करने के लिए अभियान चला रही है। इस तरह की बातें भाजपा की इस रणनीति का हिस्सा हो सकती हैं। अखिलेश ने कहा कि केंद्र की सत्ता इंडिया गठबंधन को मिलने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा।

## सपा नेता मुकेश सिद्धार्थ को पुलिस ने भेजा जेल, कहा-अपने शब्द वापस नहीं लूंगा, चाहे दर्ज हों 100 मुकदमे



मेरठ में ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर को जिंदा जलाने का बयान देने के मामले में सपा नेता को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस दौरान सपा नेता ने कहा कि चाहे सौ मुकदमें दर्ज हो जाएं लेकिन वह अपना बयान वापस नहीं लेंगे।मेरठ में सपा नेता और एससी-एसटी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश सिद्धार्थ को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा। कोर्ट से बाहर निकलकर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मैं अपने शब्द वापस नहीं लूंगा, चाहे मेरे ऊपर 100 मुकदमे दर्ज हो जाएं।कहा कि बहुजन समाज की सेवा करता रहूंगा। इसके लिए कोई भी जुल्म सहने को तैयार हूं। मुकेश सिद्धार्थ ने शनिवार को कलक्ट्रेट में हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर को जिंदा जलाने का एलान कर दिया था। उनके खिलाफ सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। रविवार रात पुलिस ने उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार किया था। आज पुलिस उन्हें फैंटम पर बैठाकर पेशी पर लेकर आई थी।

## प्राण प्रतिष्ठा: खरगे व सोनिया को निमंत्रण देने पर रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक ने जताई नाराजगी

रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि उन्होंने तो राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। ऐसे लोगों को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाना चाहिए। रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा है कि जो राम को नहीं मानते हैं और जो सनातन विरोधी हैं। उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं दिया जाना चाहिए।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सोनिया गांधी को निमंत्रण दिए जाने पर मुख्य अर्चक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि ये वहीं लोग हैं जिन्होंने कभी राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। ऐसे सनातन विरोधियों को आमंत्रण देने की जरूरत नहीं है, ऐसे लोगों को आने की जरूरत नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर रिश्तेदारों-गवाहों ने जताई खुशी, राहुल गांधी बोले- न्याय की जीत

बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों की सजा माफ करने वाले गुजरात सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द करते हुए दोषियों को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए हैं। गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों की सजा में छूट देने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया हैं। मामले में एक गवाह ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बानो को वास्तव में आज न्याय मिला है। मैं इस मामले में गवाहों में से एक हूं। इन 11 दोषियों को महाराष्ट्र की एक अदालत ने सजा सुनाई थी। गुजरात सरकार का उन्हें रिहा करने का फैसला गलत था, इसलिए हमने इसे अदालत में चुनौती दी थी। फैसले के बाद दाहोद जिले के देवगढ़ बारिया में बिलकिस



बानो के रिश्तेदारों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खुशी जाहिर करते हुए जमकर आतिशबाजी की हैं। वास्तव में आज मिला पूर्ण न्याय-अब्दुल रजाक- देवगढ़ बारिया शहर के रहने वाले मामले के गवाहों में से एक अब्दुल रजाक मंसूरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने दोषियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा हैं। मुझे लगता है कि आज हमें न्याय मिला हैं। गौरतलब है कि गोधरा में 2002 में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान बिलकिस बानो 21 साल की थीं औ पांच माह की गर्भवती भी थी। उस दौरान आरोपियों द्वारा उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इस दौरान आरोपियों ने उनकी तीन साल की बेटी और परिवार के सात लोगों की हत्या कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पलटा गुजरात सरकार का फैसला- दरअसल, गुजरात सरकार ने 11 दोषियों को सजा में छूट देकर 15 अगस्त 2022 को रिहा कर दिया था। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने सजा में दी गई छूट को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि गुजरात सरकार को छूट का आदेश पारित करने का अधिकार नहीं था। राहुल गांधी बोले- फैसले ने बताया कौन देता है अपराधियों को पनाह- इसी बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर दिखा दिया कि अपराधियों को पनाह कौन देता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिलकिस बानो का अथक संघर्ष अहंकारी भाजपा सरकार के खिलाफ न्याय की जीत का प्रतीक है। चुनावी लाभ के लिए न्याय की हत्या करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक हैं।

## यही वजह है जो हम ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं, जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को दिया जवाब

जयराम रमेश ने लिखा कि हमारी मांग मानने के बजाय आयोग ने हमें चुनाव आयोग की वेबसाइट पर मौजूद स्न्नक्त के जवाब पढ़ने की सलाह दी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ईवीएम के मुद्दे पर चुनाव आयोग को जवाब देते हुए पत्र लिखा है। इस पत्र में कांग्रेस नेता ने लिखा कि 30 दिसंबर को विपक्षी गठबंधन की तरफ से चुनाव आयोग को भेजे पत्र पर आयोग ने जवाब दिया है।



मैंने चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट पर चर्चा और सुझाव के लिए आयोग से मिलने का वक्त मांगा था, लेकिन आयोग ने हमारी मांग को नहीं माना। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा किया पत्र-जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र को सोशल मीडिया पर साझा किया है।

इसमें उन्होंने लिखा कि हमारी मांग मानने के बजाय आयोग ने हमें चुनाव आयोग की वेबसाइट पर मौजूद स्न्नक्तके जवाब पढ़ने की सलाह दी। जब हमने कहा कि हमारे सवालों के जवाब इन स्न्नक्त से नहीं मिल रहे हैं तो आयोग ने हमारे सवालों को ही गलत बता दिया है। इससे साफ पता चलता है कि हम क्यों ईवीएम और वीवीपैट पर दर्शकों के सामने चर्चा मांग कर रहे हैं। राजनीतिक पार्टियों के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट को लेकर चर्चा ना करना बेहद चिंताजनक बात है।

संपादकीय Editorial

# Aditya's Surya Namaskar

In Indian culture, we have been considering and worshiping the Sun as an 'adorable God'. You may have also heard and read the 'mythical story' of Bal Hanuman and Surya, but the limits of curiosity, experiments and research of scientists are infinite. Scientists also do 'Surya Namaskar', but they also want to know the inner reality of the Sun. This is the essence of science. In this context, India's ISRO's 'Aditya L-1' solar mission has reached its destination, which is certainly an extraordinary and historic achievement. This is ISRO's first experiment, which has added another chapter to space science by reaching 'Lagrange Point-1' and getting established in its orbit. Now, after this successful experiment, India has joined the group of countries like America and Japan. After the successful missions of 'Chandrayaan-3' and 'Aditya L-1', India is being called a 'space nation'. NASA has also started saluting the skills of our scientists and engineers and now all eyes are on 'Gaganyaan' mission. The mission vehicle has covered a distance of 15 lakh kilometers to reach L-1.

This distance is only one percent of the distance between the Earth and the Sun. Imagine how far away the Sun is from Earth. Despite this, it is the main source of energy and animal life. Aditya Mission will study the Sun and its activities for the next 5 years. Every day it will send 1440 pictures to Earth. Efforts will be made to reach the conclusion to what extent the movements within the Sun affect the Earth.

More than Rs 380 crore has been spent on the mission, but the unsolved mysteries of the Sun that the payloads of the mission will expose to the world will be an unmatched and invaluable effort. There is a 'magnetometer' installed on the deck of the mission vehicle, whose job is to collect information about gravity. However, L-1 is a point where the gravity of the Sun, planets and stars has no effect, hence ISRO chose this place for the study. From here, the Sun's activities will be continuously monitored. This instrument will also collect information about solar activities and study the winds blowing on the Sun. It is the responsibility of 'Helios' to understand the flames of the Sun. The total energy and intensity of the Sun can also be understood. There is also equipment to detect particles present in the air on the Sun. The Solar Ultraviolet Imaging Telescope payload is designed to take images in the near ultraviolet range. It will also measure solar radiation. Soft X-ray spectrometer has also been carried as payload. It has the ability to study the Sun like a star. It will also measure the soft X-ray flux. The 'Plasma analyzer package for Aditya' (Papa) payload has been designed to understand solar energy. It is capable of understanding the winds blowing on the Sun and their structure. It will also detect the direction of electrons and heavy ions present on the Sun. Undoubtedly 'Aditya L-1' is a 'milestone' in terms of space science and mission. The country which was considered a country of snakes and dung, is today competing with the space research of countries like America, Japan and Russia. Our mission will remain engaged in studies throughout the campaign.

# Analysis: PM Modi will not be satisfied with the achievements so far; Big bet will be played for BJP

Narendra Modi, who is heading towards the third consecutive term in the 18th Lok Sabha elections to be held in the upcoming April-May, is taking every challenge coming from the opposition alliance, no matter how minor, with full caution and seriousness. There is a clear instruction from Narendra Modi to the BJP to keep a close watch on the opposition and not let them go out of control under any circumstances. The ongoing tussle over seat distribution within the 'India' alliance and the alliance in front of Prime Minister Narendra Modi. Due to the inability to present the face of BJP, it has become an insurmountable challenge for the opposition alliance to stop BJP from winning in the upcoming Lok Sabha elections. The gravity of the challenge can be understood from the fact that many of us are considering the upcoming elections as a competition in which the 'India' alliance has not even taken the first step, while the BJP is knocking on the floor. But one person will never think like this, and that is Prime Minister Modi. Narendra Modi, who is heading towards the third consecutive term in the 18th Lok Sabha elections to be held in the upcoming April-May, is taking every challenge coming from the opposition alliance, no matter how minor, with full caution and seriousness. There is a clear instruction from Narendra Modi to BJP to keep a close watch on the opposition and not let them go out of control under any circumstances. Therefore, he wants BJP to work with full force with the aim of garnering votes for him. This is why BJP's election management strategy will definitely include the message of giving a befitting reply to every attack by the opposition, no matter how weak. It should not be surprising if we see a gathering of Union Ministers in the election campaigns and a massive campaign by the BJP to deliver its message in a targeted manner, especially to the rural and urban poor, women, youth and farmers. In various strategy sessions, Modi has been continuously telling his party leaders that they should reach out to the public with India's growth story and not take any move of the opposition lightly, even if it is to touch 100 Lok Sabha seats in 15 states. Why might it be the new journey of Rahul Gandhi? Modi's message to BJP strategists is clear that every voter and every state is important to return to power with a new and impressive mandate. Be it selecting candidates or raising sector-wise issues, the system of double scrutiny has been implemented under the direct supervision of Amit Shah. When everything has to be done by the central leadership, it is possible that the party people become dependent on the personality of the Prime Minister for comfort and desired results. But Modi will not let this happen. He has shown how much effort he puts in even in states that do not have much potential for the BJP. Just look at his meetings in Trichy in Tamil Nadu and Thrissur in Kerala. In these states, Modi tried to connect with local voters through his development agenda rather than Hindutva. Yes, the slight Hindu touch was limited only to pointing towards the spiritual heritage of the region. It is noteworthy that for the last several years, BJP has been working at the grassroots level in Kerala and Tamil Nadu, regardless of whether it is getting support in Parliament or Whether it is converting into seats in the state assemblies or not. Obviously, as a tireless campaigner, Modi is willing to invest time and energy even when returns are not guaranteed. Modi has made Amit Shah and other election warriors realize that the stake is much higher for the BJP in the upcoming elections than for other parties. Victory in 2024 will open the door to a new era for the BJP, placing the party at the undisputed forefront for the next decade. According to Narendra Modi, this will be the time when the best things are bound to happen for the country and in India, which will complete 100 years of independence by 2047, BJP will be seen as the harbinger of important changes in the country. The opposition is facing many challenges in consolidating all the anti-BJP votes. In some states, coalition partners are hostile to each other, with most of them confined to a particular region or social group, who do not even have the power to transfer votes to allies. While the opposition is unsure on the issue of leadership and mutual communication, and is insisting on only one thing that Modi will have to be stopped by reducing BJP's seats, Narendra Modi has complete control over his party. In West Bengal, the ruling Trinamool and the opposition Congress and CPI(M) are questioning each other's claims on seats. Uddhav Thackeray's Shiv Sena, which is claiming to be the largest component of Mahavikas Aghadi in Maharashtra, has claimed 23 seats, while the remaining 25 seats will be divided between Congress and NCP. Samajwadi Party has announced to contest elections on all 80 seats in Uttar Pradesh. In such a situation, the situation of Congress and other alliance partners can be easily imagined. Election analysts are considering the 2024 Lok Sabha elections as a battle of survival for the Congress. For them it is a make or break situation. In 2019, BJP had won 303 seats on its own, which was more than 282 seats in 2014. Whereas Congress had got 52 seats. In 2019, the BJP-led NDA had 332 MPs and the existing 28 members of the 'India' alliance had 144 seats. But since 2019, there have been major changes in the structure of NDA. Annadra Regional parties like MUK, JDU and Akali Dal have left it. Still, the current composition of the 543-member Lok Sabha shows that the NDA, with 319 MPs, is far ahead of the 'India' alliance with 139 seats. The combined vote share of the current NDA members was around 40 per cent in 2019, while the 'India' alliance partners got 35 per cent of the votes. Narendra Modi's dream is to get more than 350 seats and 40 to 50 percent vote share. Obviously he will not be satisfied with the achievements so far and will definitely want to move towards a new record.

# Improvement efforts: Efforts are being made to give new life to ponds in Bundelkhand.

The usefulness of the pond known as Purana Talab in Khajra Khurd village had decreased in recent times due to lack of cleanliness. The charitable organization and its associated women workers – 'Jal Saheliyon' – launched a campaign to revive it. In rural areas, ponds have been the main basis for meeting various water related needs and maintaining the groundwater level. Due to various reasons, many ponds have been damaged in recent times due to neglect. Due to this, some important efforts are now being made to protect them amid the huge water crisis. Such efforts are especially important in Bundelkhand, because ponds have played an important role in maintaining water balance there. The huge, approximately 87-acre pond of the same name in Lahar Thakurpura village (Babina Block, Jhansi) is a point of pride for the surrounding rural areas. It has been a heritage site, but in recent years, both its beauty and usefulness were decreasing due to water hyacinth, mud-silt etc. In such a situation, when 'Parmarth' organization held a public meeting for the cleanliness of the pond, launched a campaign and also contacted the administration, it got a lot of support. The campaign to clean the pond continued for several weeks under MNREGA. Water hyacinth and silt were cleaned and canal water was brought into the pond. Fencing was erected around it and the land was paved. Although lighting arrangements and repair work still needs to be done, the pond has become very beautiful. Its water holding capacity has increased and the water is clean. The villagers told that irrigation arrangements should also be made by digging a small canal. Apart from this, there has been a traditional arrangement of a small canal in the pond of Manpur (which is located in this block), which is spread over an area of more than 100 acres, since the time of Chandela kings, but it is very dilapidated. It was done. The charitable organization here made a special effort to repair the banks of this canal and also got the pond cleaned. Due to this, the villagers are getting better benefits of irrigation. This work was done through non-mechanized means at a time when people were in great need of employment. The usefulness of the pond known as Purana Talab in Khajra Khurd village had decreased in recent times due to lack of cleanliness. The charitable organization and its associated women workers – 'Jal Saheliyon' – launched a campaign to revive it. After this, works like repairing the banks, removing soil and silt, planting trees around etc. were done. As the water holding capacity of the pond increased, the water level of the surrounding wells also increased. In Angrautha village of Chhatarpur district (Madhya Pradesh), women started the work of digging a 107 meter canal in very difficult conditions, so that water could reach the dry pond here. Later, inspired by his courageous act, other people also cooperated. In the same district, a woman named Ganga along with her friends made a neglected dry pond watery again. There was a superstition about this pond that whoever renovates it would be harmed, but Ganga explained to the people that this was a superstition and the efforts to quench the thirst of the village should not stop because of this. These women not only cleaned the pond but also supplied water to it. There are some areas in the country like Bundelkhand, where ponds have a special role in water balance and both traditional technology and social methods for their construction and maintenance have been appreciated. We can learn from them even today. Even if all houses have taps, the importance of these ponds will remain and it is important to pay attention to their conservation. By removing the silt and soil deposited in them, its water holding capacity can also be increased and farmers will get fertile silt and soil for their fields. The groundwater level has already gone down at many places. If groundwater from borewells etc. will be used for taps, then to maintain water balance it is necessary that there should be more water in the ponds than before. Therefore, the work of protecting ponds and rain water conservation has become more important.There was a superstition about this pond that whoever renovates it would be harmed, but Ganga explained to the people that this was a superstition and the efforts to quench the thirst of the village should not stop because of this. These women not only cleaned the pond but also supplied water to it. There are some areas in the country like Bundelkhand, where ponds have a special role in water balance and both traditional technology and social methods for their construction and maintenance have been appreciated. We can learn from them even today. Even if all houses have taps, the importance of these ponds will remain and it is important to pay attention to their conservation. By removing the silt and soil deposited in them, its water holding capacity can also be increased and farmers will get fertile silt and soil for their fields. The groundwater level has already gone down at many places. If groundwater from borewells etc. will be used for taps, then to maintain water balance it is necessary that there should be more water in the ponds than before. Therefore, the work of protecting ponds and rain water conservation has become more important.

# अतिक्रमण व पार्किंग न होने से सुचारु यातायात प्रबंधन में अड़चन



मुरादाबाद।महानगर में यातायात प्रबंधन में कहीं स्मार्ट सिटी के काम तो कहीं अतिक्रमण अड़चन बना है। महानगर के पुराने बाजारों डिप्टीगंज, रेलवे स्टेशन, कोर्ट रोड, टाउनहाल पर दुकानों के आगे सामान रखकर दुकानदारों ने फुटपाथ को घेर रखा है। वहीं सड़क के किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों से भी जाम लगने पर लोगों का समय बर्बाद होता है। मैरिज हाल, बैंक्वेट हाल, रेस्टोरेंट में पार्किंग की व्यवस्था न होने पर बाहर खड़े वाहन जाम का कारण बने हैं। महानगर के कई बड़े होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज हाल में पार्किंग का प्रबंधन नहीं है। इससे यहां आने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर जहां-तहां खड़ा कर देते हैं। इससे अक्सर जाम लगता है। वहीं कोर्ट रोड, डिप्टीगंज, टाउनहाल, कचहरी रोड, कांठ रोड पर भी कई जगह दुकानों के आगे सामान रखकर व वाहन खड़ा होने से जाम लग रहा है। सोमवार व अन्य कार्यालयी दिवसों में वाहनों की संख्या अधिक होने से इन जगहों पर भीड़ लगी रहती है। स्कूल-कॉलेजों के अवकाश के समय वाहनों की बेतरतीबी व फुटपॉथ घेरने से कई बार महानगर में जाम यातायात प्रबंधन पर भारी पड़ता है। हालांकि जिलाधिकारी ने सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है फिर भी अधिकारी व कारोबारी गंभीर नहीं हैं। यह स्थिति तब है जब समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों यातायात नियमों का पालन करने का पाठ भी पढ़ाया जाता है। इसके अलावा इन दिनों कांठ रोड पर स्मार्ट सिटी के कार्य व सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के जल निगम के कार्य से सड़कों की खोदाई और रोड कटिंग से जगह कम होने से जाम लग रहा है।

चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाने के लिए लगे हैं। लेकिन, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हाल के बाहर खड़े वाहन हटवाने में वह भी कई बार लाचार हो जाते हैं। एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार का कहना है कि नये बैंक्वेट हाल, रेस्टोरेंट या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान के निर्माण का नक्शा तभी स्वीकृत किया जा रहा है, जब उसमें पार्किंग का प्रबंध हो। पुराने मोहल्ले, बाजार व पहले के निर्माण में यदि पार्किंग की समस्या से जाम लगता है तो इसका समाधान नगर निगम प्रशासन को कराना चाहिए।

# पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन शुरू



मुरादाबाद।पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र और राज्यकर्मियों का आंदोलन शुरू हो गया।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय गेट पर नरमू और राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के सदस्यों की भूख हड़ताल शुरू हो गयी है। उत्तरीय रेलवे मजबूर यूनियन के सदस्य रेलवे स्टेशन पर सभा के लिए कर्मचारी एकत्र हो गए हैं। नरमू के बैनर तले हर दिन भूख हड़ताल पर 51 कर्मचारी बारी-बारी से बैठेंगे।

नरमू के मंडल मंत्री राजेश चौबे, अध्यक्ष मनोज शर्मा, उपेंद्र कुमार, विशाल आजाद, संजय सत्संगी, आसिफ हुसैन, बलबीर सिंह, मलखान सिंह डीआरएम कार्यालय के बाहर कर्मचारियों को सहेज रहे हैं। उरमू के मंडल सचिव शलभ सिंह ने बताया कि हमारा संगठन चार दिन सभा करेगा और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे।

# कोहरा के कारण कई ट्रेन लेट, राजधानी एक्सप्रेस के इंतजार में तीन घंटे बैठे यात्री



मुरादाबाद। डिब्रूगढ़ से दिल्ली के बीच चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस का इंतजार भारी पड़ा। सोमवार को इसके यात्रियों को 2:59 टकटकी लगानी पड़ी। जबकि सुपरफास्ट हिमगिरि एक्सप्रेस भी 4:28 मिनट विलंब से चल रही है। चंपारण सत्याग्रह 3:06 घंटे बाद आई। जननायक, दुर्गियाना, कुंभ, उत्तरांचल संपर्कक्रांति, काठगोदाम गरीब रथ, गरीब रथ, अवध असम की प्रतीक्षा में यात्री रेलवे को कोस रहे थे। नौकरी पेशा, मेडिकल पढ़ाई और नए साल के सेलीब्रेशन के लिए रामनगर, काठगोदाम जाने वाले गाड़ी की प्रतीक्षा करते दिखे। उधर, मुरादाबाद डिपो और पीतलनगरी के प्रबंधन को यात्रियों की तलाश करते देखे। मुरादाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि दिल्ली और हरिद्वार के अलावा सभी रूटों पर यात्रियों की कमी देखी जा रही है। मौसम खराब होने की वजह से यात्री घर से निकलने से बच रहे हैं।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र सेवा शिविर आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली- प्रत्येक सोमवार की भांति जन चेतना दिव्यांग सोसायटी शामली ने प्रदेश अध्यक्ष श्री मनीष मित्तल जी अध्यक्षता में 5 वा दिव्यांग प्रमाण पत्र सेवा शिविर नहर की पटरी जिला चिकित्सालय में लगाया जिसमे बहुत से दिव्यांगजन अपने प्रमाण पत्र बनवाने आये और सोसायटी के कार्यकर्ताओं ने उनकी सहायता की। परन्तु आज तक जो नही हुआ वह आज वैभव गोयल ने कैम्प जाकर किया आज के कैम्प में वैभव गोयल ने कार्यकर्ताओं के साथ बत्तमीजी की और उन्हें सेवा करने से रोका बल्कि उसने उनको वहां से उठा



कर भागा दिया जो कि बहुत ही निन्दनीय कार्य हैं ऐसा व्यवहार किसी भी प्रकार से दिव्यांगजनो के साथ बर्दास्त नही किया जायेगा क्योकि सेवा भाव से कोई भी सेवा कर सकता हैं यही नही जिस कार्यकर्ता के साथ ऐसा किया गया हैं वह 100? दिव्यांग हैं। यह व्यक्ति इसी प्रकार दिव्यांगजन का अपमान करता हैं यही नही अपने आप को समाजसेवी कहने वाला यह व्यक्ति समाज सेवा में भी हिन्दू मुस्लिम कर रहा है इसलिये मैं प्रदेश अध्यक्ष जन चेतना दिव्यांग सोसायटी शामली उत्तर प्रदेश इसको पहले ही सभी कार्यो से निष्कासित कर चुका हूँ।

# किशोरी को रात में करता था फोन, परेशान होकर प्यार से युवक को बुलाया घर, परिजनों ने पकड़ बरसाए थप्पड़

मुरादाबाद-अमरोहा में हैरान करने वाल मामला सामने आया है। बेटी को फोन पर परेशान करने वाले युवक को परिजनों ने घर बुलाकर जमकर पीटा। इसके बाद उसके पिता और चाचा को भी खरीखोटी सुनाई गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। मंडी धनौरा थानाक्षेत्र के एक गांव में फोन पर किशोरी को परेशान करने वाले युवक और उसके पिता-चाचा को पकड़कर पीटा गया। इसके बाद सभी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने किशोरी के भाई की तहरीर पर युवक समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि युवक गांव की एक किशोरी को आए दिन फोन पर परेशान करता है। किशोरी के परिजनों ने युवक के परिजनों को बुलाकर समझाने की हिदायत दी थी। लेकिन युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। रविवार की रात उसने फिर से किशोरी को फोन कर अश्लील बातें करनी शुरू कर दी। किशोरी ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। किशोरी ने फोन कर युवक को घर बुला लिया। इसके बाद किशोरी के परिजनों ने उसे पकड़ लिया। यह बात उसके पिता व चाचा को बताई गई। बेटे के बुलाने पर पिता व चाचा भी किशोरी के घर पहुच गए। आरोप है कि किशोरी के परिजनों ने चेतावनी को अनसुना करने की बात कह कर तीनों को पीटा। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद त्यागी ने युवक, उसके पिता व चाचा की पिटाई की घटना की जानकारी से इनकार किया है। उनका कहना था कि किशोर व उसके परिजनों ने इस संबंध में कोई शिकायत नहीं की है। पुलिस ने पिता व चाचा और एक पड़ोसी के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।






# विदेशों तक श्रीराम मंदिर की मूर्तियां पहुंचा रहे पीतल कारोबारी, जय श्रीराम के पटकों की भी डिमांड

मुरादाबाद।अयोध्या में बन रहे राममंदिर को अलीगढ़ के कारीगरों ने बनाया तो मुरादाबाद के पीतल कारोबारियों ने इसे चमकाया है। इन दिनों रामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की धूम विदेशों तक

मची है। बस 22 जनवरी का इंतजार पर विराजेंगे। इसकी तैयारी में के पावन मंदिर को मुरादाबाद के अलीगढ़ की मिट्टी से इसे बनाया गया अपने बेटे की शादी में आने वाले 100 से अधिक राम मंदिर का आर्डर बाजार में पीतल की राम मंदिर के रुपये तक सामान्य रुप से है। कई दरबार और रामपंचायत की प्रतिमा श्री राम नाम का पटके की मांग भी अमरोहा गेट स्थित पीतल बाजार में की दुकान पर राम मंदिर के खरीदारों वाले राजेश अग्रवाल ने अपने बेटे उपहार में देने के लिए 150 राम की राम मंदिर के साथ,राम दरबार प्रतिमा भी बनाई गई। कलयुग में राम अब भरत शत्रुघ्न की प्रतिमा भी






है। इस दिन रामलला अपने मूल स्थान पीतलनगरी के लोग भी हैं। रामलला पीतल कारीगरों ने चमक दी है, और है। अहमदाबाद के एक उद्योगपति ने मेहमानों को उपहार में देने के लिए यहां के पीतल कारोबारी को दिया है। प्रतिकृति की कीमत 3200-3500 मूर्तियां इससे भी महंगी हैं। श्रीराम भी बाजार में बिक रही है। वहीं जय बढ़ गई है। रविवार को मुरादाबाद के पीतल कारोबारी राजरानी हैंडीक्राफ्ट की भीड़ जुटी थी। अहमदाबाद के रहने की शादी में अपने खास मेहमानों को मंदिर का आर्डर दिया है। उन्होंने बताया के अलावा इस बार राम पंचायत की लक्ष्मण सीता और हनुमान के साथ दिखाई देगी। अयोध्या के राम मंदिर

के अलावा अब चारों भाईयों की प्रतिमा बाजारों में दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि जिस दिन से राम मंदिर का मॉडल सरकार ने प्रदर्शित किया है तभी से मंदिर बनाने की तैयारी पीतल के बाजार में शुरू हो गई थी। लेकिन मुरादाबाद में लेबर महंगा होने के कारण मंदिर का निर्माण अलीगढ़ जनपद में कराया जा रहा है। स्थानीय कारीगरों के अनुसार यहां की मिट्टी से अलीगढ़ की मिट्टी मुलायम है। जिससे मंदिर की बनावट में बारीक नक्काशी का काम अलीगढ़ की मिट्टी में खूबसूरती से उभरकर आ रहा है। लेकिन मंदिर को चमकाने का और फिनिशिंग पीतल नगरी के कारीगरों ने दी है। वहीं हरिशंकर, प्रमोद कुमार पूजा आर्टिकल्स के मालिक राहुल अग्रवाल ने बताया की देश के कई राज्यों से मंदिर के आर्डर मिले हैं। जिसमें गुजरात, बनारस, दिल्ली,पंजाब, हरियाणा,बिहार, अहमदाबाद शामिल है। 20,000 पटकों का आर्डर- पटका विक्रेता विपिन कुमार गुप्ता ने बताया कि राम मंदिर के साटन, वेलवेट, खासकर जरी के कपड़े के बने जय श्री राम के पटके की अचानक मांग बढ़ गई है। इस अवसर राम भक्त पटका भेंट करने में भागीदारी कर रहे है। 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन 20,000 पटकों का आर्डर है। 300 से अधिक आर्डर भेजे- राजरानी हैंडीक्राफ्ट के मालिक नमन कंसल ग्राहकों को राम मंदिर लेने के तारीख देते दिखाई दिए। नमन कंसल ने बताया कि वह अभी तक 300 से अधिक मंदिर आर्डर में भेज चुके हैं।


## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ को किये साझा

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में आज शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से भारत सरकार की योजनाओं से आम नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से निरंतर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ब्लॉक सूरजपुर के ग्राम जमदेई व ब्लॉक रामानुजनगर के माजा , बरहोल एवं ब्लॉक भैयाथान में पोडी, ब्लॉक ओड़गी में खैरा, प्रतापपुर ब्लॉक में सकलपुर, शंकरपुर में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंची। जिसमें एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इन शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

## 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार ,हत्या के मामले में तीन साल से था फरार

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




झाँसी- एसएसपी राजेश एस के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत बरुआ सागर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित था। जानकारी के मुताबिक खबर झासी जिले के बरुआसागर से है, जहा पिछले तीन साल से एक चर्चित हत्या कांड के मामले में फरार 25 हजार का इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता प्राप्त कर ली, सोमवार को पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेंद्र सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व 06 दिसंबर 2020 को थाना बरुआसागर के नई बस्ती के पास हुए मोंटू उर्फ राजा बाबू हत्याकांड में फरार इनामी बदमाश सौरभ यादव निवासी कोट बेहटा थाना सीपरी बाजार की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी, सोमवार को चैकिंग के दौरान पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति संकरी पुलिया के पास खड़ा हुआ है, पुलिस ने घेरा बंदी कर उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया, पकड़े युवक सौरभ यादव के पास से एक 315 बोर का अवेध तमंचा, दो जिंदा कारतूस के बरामद किया गया साथ ही पूंछ तांछ में गिरफ्तार सौरभ यादव ने बताया कि वह मोंटू उर्फ राजाबाबू की हत्या में शामिल था, गिरफ्तार आरोपी पर तमाम गंभीर धाराओं में मामला दर्ज था।

## ग्राम पंचायत खजुरहन का मामला, जांच की मांग सड़क का निर्माण अधूरा, राशि का बंदरबाट

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मऊगंज । सरकार द्वारा पंचायत में चहुमुखी विकास के लिए भारी भरकम राशि दी जा रही है जिससे कि गांव का सपूर्ण विकास हो सके लेकिन पशासन के जिम्मेदारों की मनमानी से राशि का बंदरबंद किया जा रहा है। मामला मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत खजुरहन ग्राम पंचायत का है। जहां सरपंच और सचिव की मिलीभगत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का पैसा आहरित कर लिया गया लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। जिसकी जांच कराए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत पीसीसी निर्माण कार्य नंदलाल पांडेय के घर से राजमणि पांडेय के घर तक शुरू किया गया था। जो की कई महीने बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। सड़क में सिर्फ रखड़ और बड़ी गिट्टी बिछवा दी गई है जिस कारण से ग्रामीणों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर से मांग की गई है कि इस मामले की जांब कराई जाए।

## अपना दल एस की मासिक बैठक हुई आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी- अपना दल एस की मासिक बैठक का आयोजन विजन हाइट स्तिथ अपना दल एस कार्यालय में सम्पन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि कालका पटेल राष्ट्रीय सचिव व विशिष्ठ अतिथि पटेल धर्मपाल सिंह निरंजन राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंच एवं प्रीतम सिंह प्रेमी प्रदेश सचिव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई. बैठक कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगरूप सचान ने की. बैठक में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने की एवं पार्टी का जनाधार आगे बढ़ाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव पर मंथन किया गया. बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला व महानगर विधानसभा के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि मासिक बैठक में सभी कार्यकर्ता उपस्थित हो। बैठक में उपस्थित देवेंद्र निरंजन जिला उपाध्यक्ष, सुभाष पटेल जिला महासचिव, राम प्रसाद पटेल जिला महासचिव, परमानंद नोदया जिला उपाध्यक्ष, रवि कांत पटेल जिलाध्यक्ष किसान मंच, रोहित पटेल, राजकुमार र बराठा विधानसभा महासचिव बबीना, पुष्पेंद्र पटेल, हरिओम पटेल, डॉ सुभाष रायकवार जिला महासचिव आदि रहे।

## रोमांचक क्रिकेट मैच में मऊरानीपुर ने दी बम्होरी को शिकस्त

क्यूँ न लिखूँ सच
दीपक सैनी



मऊरानीपुर - ग्राम चकारा स्थित बगिया ग्रीन पार्क स्टेडियम में इनामी क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम का श्री चंचल क्रिकेट क्लब चकारा द्वारा आयोजित किया गया। उद्घाटन मैच का शुभारंभ मुख्यातिथि इंजी.श्याम बाबू दीक्षित बीजेपी नेता एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान अक्की राजा दीपक मिश्रा,राजा पटेल संतोष दुबे,महिपाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व गेंद खेलकर खेल का उद्घाटन किया। आयोजन टीम के सदस्य नरेंद्र प्रताप सिंह, छोटू खटीक,राम प्रताप सिंह,अनिल अहिरवार,अमन मंसूरी,विक्की सिंह,निक्की सिंह,नरेश द्वारा अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण व तिलक लगाकर किया गया। उद्घाटन मैच बम्होरी क्रिकेट क्लब और बगा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मैच बम्हौरी ने टॉस जीतकर टीम ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। तथा निर्धारित 10 ओवर में 114 रन बनाए । जिसके जवाब में मऊरानीपुर की बगा टीम ने 116 रन बनाकर विजय प्राप्त की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया की खेलों के माध्यम से जहां एक और युवा स्वस्थ रहते हैं तो वहीं दूसरी ओर अच्छे खेल के द्वारा वह है अपना नाम देश विदेश में भी कर सकते हैं। युवाओं को खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल से हमारा शरीर रोग मुक्त और मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहता है। इस दौरान कल्लू सिंह,भूपेंद्र,सुरेश,मुकेश,राजकुमार आर्य, अभय, शिवम, आलोक, मलखान, अजय, सुरेश, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और खेल प्रेमी मौजूद रहे

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आयोजित किया गया कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सूरजपुर में जिला प्रशासन निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री चन्द्रभुषण मिश्र सहायक प्राध्यापक पं0 रेवती रमण मिश्र सूरजपुर, श्री विनोद कुमार साहु सहायक प्राध्यपक शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजुपर के द्वारा वोटर आई0डी0 रजिस्ट्रेशन वोटर हेल्पलाईन एप्प मतदाता रजिस्टर मे नए मतदाता के रूप में जुडने के लिए फार्म 06 विलोपन के लिए फार्म 07 संशोधन के लिए फार्म 08 भरने और आनलाईन आवेदन करने के संबंध में जानकारी दिया तथा सभी को मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने तथा दूसरो को प्रेरित करने के लिए संस्था मे अध्यनरत प्रशिक्षणार्थियों को वोटर हेल्पलाईन मोबाईल पे डाउनलोड कराया गया साथा ही सभी कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य श्री रामबदन राम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सूरजपुर एवं कॉलेज के अन्य कर्मचारी साथ ही लगभग 90 प्रशिक्षणर्थी उपस्थित रहें ।

## झाँसी में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी झाँसी रेल प्रबंधक कार्यालय के बाहर बैठे धरने पर

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी- झाँसी में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी झांसी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। इस दौरान धरना प्रदर्शन स्थल पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य भी साथ में मौजूद रहे। वही रेलवे के कर्मचारियों का कहना है कि यह उनका क्रमिक अनशन है। जो आगामी चार दिनों तक जारी रहेगा। अगर रेल प्रशासन द्वारा उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो केंद्रीय कर्मचारी व राज्य कर्मचारी के संयुक्त मंच से यह आंदोलन एक विशाल आंदोलन का रूप परिवर्तित हो जाएगा। वहीं कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि रेलवे कर्मचारियों की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, कांग्रेस पार्टी कर्मचारियों के साथ है। पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है जो हम इन्हें दिल कर रहेंगे।

## एक अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। थाना जीआरपी व आरपीएफ टीमों द्वारा 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार किया. जिसके कब्जे से 05.292 कि0 ग्रा0 अवैध गांजा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 52 हजार रुपये बतायी जा रही है. अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ जयनरायन सिंह के आदेशानुसार पुलिस महानिरीक्षक रेलवे एस.के.सिंह के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव व वरिष्ठ मंण्डल सुरक्षा आयुक्त विवेकानन्द नरायण आरपीएफ के निर्देशन में ट्रेनो में नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय थाना जीआरपी के नेतृत्व में गठित जीआऱपी/आरपीएफ एवं क्राईम ब्रांच टीमों द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये रेलवे स्टेशन से एक अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर मोहम्मद सिराज पुत्र मोहम्मद इलियास निवासी ग्राम रघुनाथपुर दुनवा थाना सकरा जिला मुज्जफरपुर बिहार को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।पूछ-ताछ विवरण में अभियुक्त ने बताया कि यह गांजा छत्तीसगढ से लेकर आ रहे थे और दिल्ली में बेचना चाह रहा था । गिरफ्तार करने वाली टीम- उप निरीक्षक राहुल देव थाना जीआरपी, मुख्य-आरक्षी वीर सिंह थाना जीआरपी, स0उ0नि0 नवीन कुमार आरपीएफ डिटेक्टिव विंग रेलवे सुरक्षा बल, प्र0आ0 विजय बहादुर राम आरपीएफ डिटेक्टिव विंग रेलवे सुरक्षा बल, का0 साहिल आरपीएफ

## आज के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे मुख्यमंत्री



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- अखिल भारतीय बिंझिया समाज का महासम्मेलन 09 जनवरी मंगलवार को समय 11:00 बजे से ग्राम जमदेई, जयनगर क्षेत्र, जिला-सूरजपुर में आयोजित हो। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगें। इसके अलावा कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि के साथ-साथ समाज के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे।




## कलेक्टर ने शासकीय कार्यालयों के व्यवस्थित संचालन के संबंध में जारी किये आवश्यक दिशा निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

